जेल में कैद भाईयों को राखी बांधते हुए बहनों की आंखों में छलके आंसू

पुख्ता सुरक्षा के बीच जयपुर सेंट्रल जेल में मनाया गया भाई दूज का पर्व

जयपुर (कासं)। केंद्रीय कारागृह में रविवार को भाई दूज मनाई गई। भाई दूज पर भाईयों को तिलक लगाने के लिए करीब 550 से अधिक बहने सेंट्रल जेल पहुंची। बढ़ती भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए। इस मौके पर जेल परिसर में भावुक माहौल दिखाई दिया। जेल परिसर में बहनों

■ **करीब 550 से ज्यादा महिलाओं ने जेल पहुंचकर बांधी भाईयों को राखी**

ने सलाखों के बीच मे से भाईयों को तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

जयपुर जेलर राकेश मोहन शर्मा ने बताया कि भाई दूज के उपलक्ष्य पर सुरक्षा की दृष्टि से जेल में तिलक लगाने आई बहनों को बिना जांच के जेल परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया। वैसे तो जेल में बंदियों की मुलाकात के लिए सप्ताह में दो से तीन दिन का समय रहता है । लेकिन त्यौहार को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर मुलकात के लिए कुछ छूट दी गई। तिलक लगाने आई बहनों अपने भाईयों से मुलाकात के लिए 4 से 5 बजे तक का समय दिया गया। जेल प्रशासन की ओर से जेल में तिलक लगाने आई बहनों के सामान की पुख्ता जांच की गई। इसी के साथ जेल में बनी केंटीन में भी मिठाई की व्यवस्था की गई। ताकी कैदी केंटीन से मिठाई ले सके।

भाई दूज पर जेल में आने वाली बहनों की भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन ने एक दिन पहले ही पुख्ता तैयारी कर ली। जेल प्रशासन ने बिना पर्ची और मोहर के किसी को भी जेल परिसर में एंट्री नहीं दी। पर्ची और मोहर लगाने के साथ ही सामान की तलाशी के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की व्यवस्था की गई। सलाखों के पीछे खड़े अपने भाई को तिलक लगाते समय बहने अपने आंसू नहीं रोक सकी और काफी भावुक नजर आई। बहनों को रोता देख कैदी भाई की आखों से भी आसू झलक पड़े। बहनों ने अपने भाईयों से विदा में अपराध नहीं करने की कसम दिलवाई।

भाई-बहन के अटूट प्रेम व विश्वास के पावन पर्व ''भाई दूज'' पर रविवार को जयपुर सेंट्रल जेल में महिलाओं का भीड़ उमड़ी। जेल की सलाखों में कैद अपने भाईयों को रक्षा सूत्र बांधते हुए बहनों की आंखों में आंसू छलक पड़े। फोटो-राष्ट्रदूत

कहासुनी के बाद दो भाईयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया

वारदात के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हुआ, पुलिस तलाश में जुटी

जयपुर (कासं)। जयसिंहपुरा खोर इलाके में रहने वाले तीन भाईयों के बीच मामूली कहासुनी ने विकराल रुप धारण कर लिया। गुस्से में आग बबूला हुए एक भाई चाकू से ताबड़तोड़ वार कर अपने ही दो भाईयों को बुरी तरह से घायल कर दिया। लहूलुहान हालत में दोनो भाईयों को पडौसियों ने अस्पताल भिजवाया। जहां से उपचार के बाद दोनो भाईयों को छुट्टी दे दी गई। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

■ **जयसिंहपुरा खोर इलाके में तीन भाईयों के बीच आपसी कहासुनी में हुई वारदात**

पुलिस के मुताबिक, नाई की थड़ी निवासी शाहिद, शाबिर और ताहिर कुरैशी तीन भाई है। शनिवार रात को तीनों भाईयों में पारिवारिक बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते शाहिद व शाबिर व ताहिर में हाथापाई शुरु हो गई। गुस्साए ताहिर ने चाकू से शाहिद व शाबिर पर ताबड़तोड़ वार करना शुरु कर दिया। ताहिर ने शाहिद व शाबिर को लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरा देख मौके से फरार हो गया। परिजनों ने पडौसियों की मदद से दोनो भाईयों को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हे उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

सम्मोहित करके गहने लूटने वाले दो बदमाश दबोचे

जयपुर (कासं)। महेश नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हिप्टोनाइज़ (सम्मोहित) कर गहने लूटने वाले दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनो बदमाश चंदा मांगने के बहाने अपार्टमेंट में घुसे और युवती को हिप्रोटाइज कर गहने लूट कर फरार हो गए।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि 24 अक्टूबर को स्वेज फॉर्म स्थित समृद्धि अपार्टमेंट में आरोपी जसवीर उर्फ सोनू निवासी बडोदिया बस्ती,सुंदर पथ,अरविंद नगर और डिंपल सिंह निवासी बडोदिया बस्ती चंदा मांगने के बहाने से अपार्टमेंट में घुसे और श्रीवस्तन की बेटी श्रीनिधी को हिप्नोटाइज कर गहने लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने अपार्टमेंट और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को लूटी गई चेन बरामद कर ली है।

सार-समाचार

पटाखों से जलकर 80 से ज्यादा लोग पहुंचे एस.एम.एस. अस्पताल

जयपुर । दीपावली पर आतिशबाजी और पटाखों से जलने से अस्सी से ज्यादा घायल एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि दीपावली लेकर गोवर्धन तक करीब अस्सी से ज्यादा मरीज इमरजेंसी में आ चुके हैं। इसमें आठ से दस मरीज की स्थिति गंभीर थी। उनको भर्ती करके इलाज करना पड़ा। इसमें ज्यादातर मामले आंखों के खराब होने से संबंधित हैं। इनकी सर्जरी की गई। एसएमएस में ऑप्थेल्मोलॉजी डिपार्टमेंट (नेत्र रोग विभाग) के एचओडी और सीनियर प्रोफेसर डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि उनके यहां आठ मरीज ऐसे थे, जिनकी आंखें पटाखे चलाने से प्रभावित हुईं। इनमें से तीन के ऑपरेशन शुक्रवार को किए गए और पांच के ऑपरेशन शनिवार को किए गए। उनकी टीम ने पूरे दिन ऑटी चालू रखकर सभी मरीजों के ऑपरेशन कंप्लीट किए हैं। डॉक्टर शर्मा ने बताया कि घायल मरीजों में सभी बच्चे हैं। उनकी आंखों में बारूद जाने या चिंगारी लगने से इतना ज्यादा नुकसान हुआ है कि इनमें से छह बच्चों के विजन खत्म होने की स्थिति में है। ऑपरेशन कर दिया है, अब देखना है कि विजन (रोशनी) वापस आती है या नहीं? उन्होंने बताया कि एक बच्ची के तो दोनों आंखों में गहरी चोट लगी है, जिसका भी ऑपरेशन किया है।

पर्स लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । जवाहर सर्किल पुलिस एक बाइक सवार बदमाश को फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार कर वारदात के काम में ली गई बाइक बरामद की है। बाइक सवार बदमाश युवती का पर्स छीनकर भाग रहा था। तभी पुलिस ने बैरिकेड लगाकर दिया। जिससे बाइक सवार बदमाश बैरिकेड से टक्करा गया और नीचे गिर पड़ा । गिरने के बाद भी बाइक सवार बदमाश ने लंगड़ाते हुए भागने का प्रयास कया। लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य वारदात खुलने की संभावना जता रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि गुरुवार को महेश नगर निवासी कृति जैन अपनी बहन के साथ मालवीय नगर स्थित गौरव टावर में खरीदारी करने के लिए आई थी। बेस्टसाइड शोरुम से निकलते वक्त तेज रफ्तार बाइक सवार ने कृति जैन के हाथ से पर्स छीन लिया और भागने लगा। तभी दोनो बहनों से शोर मचा दिया। शोर -शराबे की आवाज सुन क्रिस्टल कोर्ट पर तैनात एएसआई अमर सिंह ने बाइक सवार को पकड़ने के लिए दौड़ लगा दी और धक्का देकर बैरिकेड लगा दिया। जिससे तेज रफ्तार बाइक सवार बदमाश बैरिकेड से टकरा गया और नीचे गिर पड़ा। बाइक सवार बदमाश ने बैरिकेड से टक्कराने के बाद भी लंगडाते हुए भागने का प्रयास किया, लेकिन एएसआई अमर सिंह ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। अमर सिंह ने मौके पर ही जगतपुरा स्थित मनोहरपुरा कच्ची बस्ती निवासी मुकेश बैरवा को गिरफ्तार कर लूट का पर्स और वारदात के काम में ली गई बाइक बरामद कर ली

'कार्तिक जैसा कोई पवित्र माह नहीं'



जयपुर । आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में रविवार से पवित्र कार्तिक माह का प्रारंभ श्री मद भागवत गीता, कार्तिक महात्यम की कथा एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब के पाठों के शुभराम के साथ हुआ। प्रात: काल की मधुर वेला में प्रात: नित्य नियम प्रार्थना, संत महात्माओं द्वारा भजन संकीर्तन व स्वामी भगत प्रकाश महाराज की ओजस्वी वाणी में सत्संग का श्रवण हुआ। स्वामी भगत प्रकाश ने कहा कि ''कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगम्। न वेदसदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगा समम्।'' अर्थात- कार्तिक के समान दूसरा कोई मास नहीं, सत्ययुग के समान कोई युग नहीं, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। संत मोनूराम महाराज ने बताया कि कार्तिक माह में नाम जप, स्नान, दान का विशेष महत्व है। सोमवार 4 नवंबर से प्रात: 6 -7 बजे तक प्रभात फेरी (हरि नाम संकीर्तन) तत्पश्चात नित्य नियम प्रार्थना, कार्तिक महात्यम की कथा, भजन सत्संग का आयोजन होगा। जो कि 15 नव तक चलेगा।

दीपावली स्नेह मिलन 17 नवंबर को

सुरेश सारस्वत

जयपुर । सारस्वत ब्राह्मण समाज, जिला जयपुर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह 17 नवंबर को परशुराम भवन विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सारस्वत ब्राह्मण समाज, जिला जयपुर के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा महामंत्री सुरेश सारस्वत ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर विभिन्न परीक्षाओं में 80 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित तथा खेलकूद में राज्य और अखिल भारतीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। महामंत्री सुरेश शर्मा के अनुसार समारोह के दौरान समाज के 80 वर्ष और अधिक आयु के बुजुर्गों का सम्मान भी किया जायेगा। इसके अलावा रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता भी होंगी। समारोह में समाज की एकजुटता और भावी कार्यक्रमों पर भी मंथन होगा।

दिया कुमारी ने किया खींवसर में 'कमल' खिलाने का आव्हान

जयपुर । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को खींवसर उपचुनावों में भाजपा को जिता कर कमल खिलाने का आव्हान किया। वे खींवसर में एक दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की कड़ी से कड़ी जुड़ चुकी है औऱ अब खींवसर की कड़ी भी जोड़ने का समय आ गया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सुरेश रावत, राज्य मंत्री मंजू बाघामार और विजय सिंह चौधरी, विधायक केसाराम चौधरी, अतुल भंसाली, आदूराम मेघवाल, भाजपा प्रत्याशी रेवतराम डाँगा, नागौर जिला अध्यक्ष रामनिवास सांखला और प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी भी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी रेवतराम डाँगा के समर्थन में अपील करते हुए कहा कि यह बहुत ज़रूरी है कि खींवसर में भी ऐसा विधायक बने कि जनता के सारे काम तुरंत हो और खींवसर किसी भी मायने में पीछे नही रह जाये। इसके लिए भाजपा विधायक बनना बहुत जरूरी है और आप मतदाता के रूप मे भाजपा को अपना समर्थन दे। दिया कुमारी ने मातृशक्ति से विशेष रूप से भाजपा को जिताने का आव्हान किया।

स्वच्छता में जयपुर की रैंकिंग देश के टॉप-3 शहरों में लाएं : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, ''जयपुर के हैरिटेज संरक्षित रखने और शहर की सफाई की जिम्मेदारी ना केवल सरकार और प्रशासन की है, बल्कि नागरिकों की भी है''

जयपुर (कासं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जयपुर के संस्थापक और उनके पूर्व महाराजा सवाई जयसिंह की जंयती के मौक़े पर स्टेचू सर्किल पहुँच कर दीप प्रज्वलित किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौक़े पर जयपुर नगर निगम हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव भी मौजूद थी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर को एक नियोजित शहर के रुप में बसाया गया था जो अपने स्थापत्य और चौड़ी सड़कों के लिए विख्यात था और आज भी हम जयपुर शहर की सदियों पर योजनाबद्ध तरीक़े से बनी सुविधाओं का उपयोग कर रहे है।

उन्होंने कहा कि जयपुर अब एक यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी है और ये हम सब की ज़िम्मेदारी है कि हम जयपुर की विकास तो संजोने का काम करे। दिया कुमारी ने ज़ोर दे कर कहा कि हैरिटेज को बचाने के साथ ही शहर को स्वच्छ रखने की ज़िम्मेदारी ना केवल सरकार और स्थानीय प्रशासन की है बल्कि शहर के नागरिकों की भी है। इस मौक़े पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आव्हान किया कि जयपुर शहर को स्वच्छता के मामले में देश के टॉप तीन शहरों में शामिल करने के प्रयास किये जाये।

महापौर कुसुम यादव ने भी कहा कि हैरिटेज नगर निगम प्रशासन जयपुर शहर की स्वच्छता रैकिंग सुधारने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है। स्वच्छता सैनिक भी अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को मजबूत किया है। आमजन को भी सफाई में सहयोग की जरूरत है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जयपुर के संस्थापक और पूर्व महाराजा सवाई जयसिंह की जयंती के मौक़े पर स्टेच्यू सर्किल पहुँचकर दीप प्रज्वलित किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ हैरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव भी मौजूद थीं।

राजपूत सभा भवन में भी पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ

जयपुर । जयपुर संस्थापक महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय की 337वीं जयन्ती पर ''राजपूत सभा भवन'' में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई ने जयपुर संस्थापक सवाई जय सिंह के जीवन चरित्र व उनके बहुआयामी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराज सवाई जयसिंह द्वितीय एक दूरदर्शी, आदर्श और राजा, वीर योद्धा, श्रेष्ठतम नगर नियोजक, कुशल प्रशासक, ज्योतिष विज्ञान के महान ज्ञाता थे। संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत ने बताया कि श्री राजपूत सभा प्रतिवर्ष 3 नवम्बर को जयंती पर रक्तदान शिविर लगाती है, जो इस बार 17 नवंबर को होगा।

घर में बने गार्डन में आग लगी

जयपुर (कासं)। श्याम नगर इलाके में शनिवार देर शाम घर में बने गार्डन में भीषण आग लग गई। जिससे आसपास दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन आग बुझाने से पहले ही गार्डन में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया और लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।

एएफओ तपेंद्र सिंह ने बताया कि श्याम नगर में स्थित कृष्णा मार्ग पर एक घर के अंदर बने गार्डन में देर शाम करीब 7 बजे अचानक से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग से गार्डन में रखा लाइट डेकोरेशन का सामान व एक बाइक जल कर राख हो गई। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशकक्त के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के पुख्ता कारणों का कुछ पता नहीं चला है।

नकबजनी की वारदात का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। जवाहर सर्किल पुलिस ने नकबजनी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आदतन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जिला जयपुर पूर्व क्षेत्र के रिहायशी इलाकों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

इस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जपुर पूर्व आशाराम चौधरी ओर सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर आदित्य पुनिया के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर की सूचना व तकनिकी सहायता से आरोपियों के सम्भावित ठिकानो पर लगातार निगरानी कर दबिश दी। जिसमें आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि 9

■ **पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया**

अक्टूबर को मालवीय नगर निवासी नकुल चंद ने मामला दर्ज कराया था कि वो परिवार सहित यूएसए विदेश अपने पुत्र से मिलने के लिए गए हुए थे। वापस जयपुर लौटने पर मकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर सामान संभालने पर 2 सेट चांदी के कुंडल, गले की चेन, अंगूठी 2 सैट चांदी की पाजेब, 5 सिक्के चांदी के 20 ग्राम वाले एवं नकद लगभग 20 हजार रुपए , इस तरह लगभग एक लाख रुपये से ज्यादा का सामान चोरी हो गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी व मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद शोएब (21) निवासी रोड काली कोठी दरबार स्कूल, झोटवाडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से गहनता से पूछताछ की तो शोएब ने अपने साथी के साथ वारदात करना स्वीकार कर लिया। इस पर पुलिस ने शोयब को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद वारदात को अंजाम देने वाले सलीम शेख (30) प्रताप नगर निवासी हाल किराएदार भांकरोटा, शिवाड मोड निवासी को भी मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का कुछ सामान भी बरामद किया है। आरोपियों ने शहर में अलग-अलग जगहों पर नकबजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

नि:शुल्क अस्थमा मुक्ति शिविर पांच नवंबर से

जयपुर । मौजूदा भाग दौड़ की स्थिति से उत्पन्न होने वाले और अनियमित खानपान और प्रदूषण की वजह से उत्पन्न एलर्जी, श्वास के रोग, अस्थमा, दमा को दूर करने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा व आयुर्वेद बेहतर पद्धितयां है।

पंचतत्व फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य चिकित्सक डॉक्टर मोहित बीजाका ने बताया 5 नवंबर से शुरू होने वाले शिविर के प्रथम दिन से शामिल होने वालों का ही प्राकृतिक तरीके से इलाज किया जाएगा । शिविर का आयोजन इसी ट्रस्ट के तत्वाधान में विजयबाड़ी, प्रभात कॉलोनी मुरलीपुरा स्थित पंच तत्व आश्रम में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। डॉ. मोहित बीजाका ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से मिट्टी चिकित्सा, भाप चिकित्सा, मसाज, एनिमा और प्राकृतिक भोजन शैली बदलकर किया जाएगा। इससे मरीजों को फेफड़े, घुटने, पेट एवं सभी अंगों को भी आराम मिलता है। ट्रस्ट के प्रधान न्यासी सी.एम. बीजाका ने बताया कि शिविर में कैंसर जैसे गंभीर रोगों के साथ जानु बस्ति, कटि बस्ति और सातविक, रज्विक और ताम्सिक आहार के माध्यम से चिकित्सा की जायेगी।

राजस्थान जैन युवा महासभा ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

समारोह में समाजसेवी ज्ञान चन्द झांझरी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा

जयपुर (कासं)। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के दीपावली स्नेह मिलन समारोह और सुगन्ध दशमी के मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में सजाई गई झांकियों व दशलक्षण महापर्व के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सम्मान समारोह भट्टारकजी की नसियां में आयोजित किया गया। इस मौके पर गणमान्य श्रेष्ठीजनों सहित युवा एवं महिला संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधान्शु कासलीवाल ने की। समाजश्रेष्ठी शिव कुमार जैन, सीए सुनील जैन गोधा, सुनील पहाड़िया, पार्षद पारस जैन पाटनी, दी राजस्थान अरबन कॉपरेटिव बैंक के चैयरमेन कृष्ण कुमार टांक, समाजसेवी अजय काला विशिष्ट अतिथि थे। जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया एवं जिला महामंत्री सुभाष बज ने बताया कि अतिथियों ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

इस मौके पर जैन सिटीजन फाउंडेशन जयपुर को मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्था के रूप में सम्मानित किया गया । प्रसिद्ध समाज सेवी ज्ञान चन्द झांझरी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, आर्किटेक्ट तुषार सोगानी को जैन युवा रत्न एवं सेलेबल टेक्नोलॉजी के को-फाऊन्डर एवं सीईओ अनिरुद्ध काला को जैन यूथ आईकन अवार्ड से नवाजा गया ।

राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से प्रतिभा सम्मान व स्नेह मिलन समारोह हुआ।

■ **सेवा के क्षेत्र में कार्यरत जैन सिटीजन फाउंडेशन ट्रस्ट और 2 युवाओं के साथ-साथ 17 झांकियों और 15 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी पुरस्कृत किया**

जैन सिटीजन फाउंडेशन ट्रस्ट का अवार्ड संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गोधा, अध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, सचिव सीए मनोज चांदवाड, अशोक जैन कोटलर एवं जे के जैन नेमीसागर ने ग्रहण किया। समारोह में सुगंध दशमी पर्व 2024 के मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में सजाई गई 17 झांकियों, दशलक्षण महापर्व के दौरान मंदिरों में आयोजित 15 सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सम्मानित किया गया ।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

जयपुर। पंच दिवसीय दीपोत्सव के तहत मुख्य वाटिका रोड स्थित, आशादीप ग्रींस कॉलोनी के निवासियों ने दीपावली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। इस सुअवसर पर सरकार द्वारा तय समय सीमा में, रात्री 8 से 10 समयावधि के बीच प्रदूषण रहित ग्रीन पटाखों व आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। सभी ने मिलकर एक दूसरे का अभिवादन किया व मुंह मीठा करवाया, अल्पाहार लिया तथा दीप जलाए। रंग-बिरंगे, नये परिधानों में बच्चों व अन्य सभी लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। नयनाभिराम मांडनो व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर, सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर, प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, प्रेमचंद, हितेष जैन, संगीता सक्सेना, अनुज, ऋचा सक्सेना, रागिनी शर्मा, गीता, नीता गुप्ता,आभा जैन, ऋषि, ममता, तनु, भावना मौजूद थे।